सीएसआईआर
CSIR
भारत का नवाचार इंजन
The Innovation Engine of India

सीएसआईआर–भारतीय विषविज्ञान अनुसंधान संस्थान
विषविज्ञान भवन, 31, महात्मा गांधी मार्ग, पोस्ट बॉक्स नं. 80, लखनऊ-226001
CSIR-Indian Institute of Toxicology Research
Vishvigyan Bhavan, 31, Mahatma Gandhi Marg, Post Box No.80, Lucknow-226001

IITR

सं0:आईआईटीआर/स्था0-II(स्थापना दिवस)/2024 **दिनांक**: 28.08.2024

कार्यालय ज्ञापन

विषय: सीएसआईआर के 83 वें स्थापना दिवस समारोह के संबंध में।

सीएसआईआर-मुख्यालय, के पत्र संख्या: 6-9(150)/2024-E.III, दिनांक 06.08.2024 के अनुपालन में विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी 26 सितम्बर, 2024 (गुरुवार) को संस्थान में सीएसआईआर स्थापना दिवस समारोह मनाया जाना है। इस अवसर पर प्रयोगशाला/संस्थान द्वारा सीएसआईआर के कर्मचारियों एवं उनके बच्चों की पात्र श्रेणियों को निम्नांकित पुरस्कार/स्मृति चिन्ह प्रदान किए जाएँगे:-

01. सीएसआईआर परिषद के कर्मचारी जिन्होंने सितम्बर, 2023 और अगस्त, 2024 के बीच सीएसआईआर की नियमित सेवा के 25 वर्ष पूरे किए हों (अन्य संगठन में की गई सेवा को सम्मिलित नहीं किया जाएगा), उन्हें रु-1500/- तक की कीमत की सीएसआईआर लोगो वाली कलाई घड़ी देकर एवं सितम्बर, 2023 और अगस्त, 2024 के बीच जो कर्मचारी अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें उल्लिखित सीएसआईआर लोगो वाली कलाई घड़ी या कोई अन्य स्मृति चिन्ह के अलावा रु-1750/-तक के कीमत की एक शॉल एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया जाना है। 30 वर्ष की सेवा प्रदान करने के बाद स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने वाले कर्मचारी को भी स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाना है। केवल कैंटीन कर्मचारियों के संबंध में उनके द्वारा सीएसआईआर की कैंटीनों में अक्टूबर,1991 से पहले की गई नियमित सेवा को पात्रता हेतु गिना जाएगा।
02. सीएसआईआर कार्मिकों के बच्चे जिन्होंने वर्ष 2024 में आईआईटी में B. Tech या इंटीग्रेटेड M. SC पाठ्यक्रम में, सामान्य प्रवेश परीक्षा(CAT) के माध्यम से आईआईएम में प्रबंधन में द्विवर्षीय पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम (पीजीपी) में तथा प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद एम्स (AIIMS), नई दिल्ली, में एमबीबीएस (MBBS), पाठ्यक्रम तथा एएफ़एमसी(AFMC), पुणे में प्रवेश प्राप्त किया हो,उन्हें 1500/- प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।
03. सीएसआईआर कार्मिकों के बच्चे जिन्होंने वर्ष 2024 में सीनियर सेकेंडरी परीक्षा(बारहवीं) में विज्ञान के कम से कम तीन विषयों में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हों, उन्हें 3000/- के एकमुश्त नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
04. सीएसआईआर कार्मिकों के बच्चे जिन्होंने वर्ष 2024 में सीनियर सेकेंडरी परीक्षा(बारहवीं) में किसी विज्ञान विषय में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों, उन्हें 2000/-का एकमुश्त नकद पुरस्कार दिया जाएगा।
05. उक्त (3) तथा (4) दोनों को उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को दोनों नकद पुरस्कार अलग-अलग दिये जाएंगे।

उपर्युक्त पुरस्कारों के संबंध में संस्थान के उन कार्मिकों से प्रमाणित प्रतियों के साथ बिन्दु(2) से (4) तक के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, जिनके बच्चे उन पुरस्कारों के पात्र हैं।

आवेदन अंतिम रूप से, दिनांक 02.09.2024 तक स्थापना अनुभाग में प्रस्तुत कर दें।

अर्चना अग्रवाल 28/08/2024

(अर्चना अग्रवाल)
अनुभाग अधिकारी

प्रतिलिपि:-

01. निदेशक के प्रधान निजी सचिव
02. प्रशासनिक अधिकारी के निजी सचिव- इंट्रानेट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।
03. सभी अधिकारी/कर्मचारी- इंट्रानेट द्वारा सूचित।
04. सूचना पट्ट- मुख्य/सीआरके परिसर
05. कार्यालय प्रति।